प्रधानमंत्री गति-शक्ति परियोजना के अंतर्गत मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति (EGoS) की बैठक दिनांक 28/06/2022 का कार्यवाही विवरण।

---

प्रधानमंत्री गति-शक्ति परियोजना के अंतर्गत मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति (EGoS) की बैठक दिनांक 28/06/2022 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (VC) तथा भौतिक रूप के माध्यम से संपन्न हुई। प्रमुख सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा परियोजना के क्रियान्वयन की अद्यतन जानकारी दी गई। इस बैठक में सुश्री जीविषा जोशी गंगोपाध्याय, उप सचिव, भारत सरकार, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार, नई दिल्ली विशेष रूप से उपस्थित हुई। बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारीगण की सूची "परिशिष्ट-अ" पर संलग्न है। बैठक में एजेंडा बिंदुवार निम्नानुसार विचार विमर्श किया गया :-

**एजेंडा क्रं. 1- प्रधानमंत्री गति-शक्ति पोर्टल हेतु अनिवार्य 24 डाटा लेयर की अद्यतन स्थिति :-**

1.1 भू-अभिलेख के संबंध में मुख्य सचिव महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सम्पूर्ण राज्य के तहसीलों के GEO-Referencing हेतु समयबद्ध कार्ययोजना बनाई जाये तथा कार्ययोजना में निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप कार्य की समीक्षा की जाये।

कार्य की समीक्षा वाणिज्य एवं उद्योग विभाग तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग दोनों के द्वारा की जा सकेगी। चूंकि भू-अभिलेख की जानकारी पोर्टल हेतु आधार लेयर है अतः भू-अभिलेख से संबंधित समस्या को दो से तीन दिवसों के भीतर समाधान किया जाये। खनिज साधन विभाग के श्री अभिषेक को राजस्व विभाग में तीन माह के लिए संलग्नीकरण हेतु किये गये निवेदन को मुख्य सचिव महोदय द्वारा अनुमोदन किया गया तथा सचिव, खनिज साधन विभाग द्वारा सहमति दी गई।

*(कार्यवाही- वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, खनिज साधन विभाग तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग)*

1.2 वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने डेटा अपडेशन हेतु तकनीकी समस्या को साझा किया। विभाग के पास वर्तमान में जानकारी LCC Format में है न कि WGS Format में। उक्त संबंध में मुख्य सचिव महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अन्य राज्यों में वन से संबंधित Best Practices का अवलोकन कर उसके अनुरूप कार्य किया जावे।

*(कार्यवाही- वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग)*

1.3 जल संसाधन विभाग ने डाटा अपडेशन के संबंध में जानकारी दी कि विभाग से संबंधित major Project की जानकारी BISAG-N से साझा कर दी गई है एवं Minor Project की जानकारी यथाशीघ्र ही साझा कर दी जायेगी। विभाग से

संबंधित प्रोजेक्ट्स के विस्तृत डाटा अपडेशन हेतु मुख्य सचिव महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन राज्यों ने जल संसाधन से संबंधित सर्वाधिक जानकारी अपलोड की है, उनका अवलोकन कर विस्तृत डाटा अपडेशन का कार्य किया जाये।

*(कार्यवाही- जल संसाधन विभाग)*

1.4 ऊर्जा विभाग द्वारा बैठक में जानकारी दी गई कि 182 शहरों के विद्युत वितरण की जानकारी BISAG-N से साझा कर दी गई है एवं शेष स्थानों के विद्युत वितरण के जी.आई.एस. जानकारी निर्माण का काम विभाग को किया जाना है। उक्त संबंध में मुख्य सचिव महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जी.आई.एस. डाटा हेतु BISAG-N से सहायता ली जाये एवं वित्तीय सहायता हेतु भारत सरकार, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग से सहायता ली जाये।

*(कार्यवाही- ऊर्जा विभाग)*

1.5 नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि उन्होंने जल वितरण हेतु 5 स्थलों के AMRUT की जानकारी BISAG-N से साझा कर दी है एवं 4 स्थानों के सर्वे का कार्य प्रगति पर है। उक्त संबंध में मुख्य सचिव महोदय द्वारा नगरीय क्षेत्रों को प्रधानमंत्री गति-शक्ति योजना में जोड़ा जाना है। इस बात के परीक्षण हेतु निर्देश दिये गए। समिति में उपस्थित उप सचिव, भारत सरकार, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग इस योजना का महत्वपूर्ण अंग है।

*(कार्यवाही- नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग)*

1.6 खनिज साधन विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि Minor Mineral Produces के 7 जिलों की जानकारी BISAG-N से साझा कर दी है एवं Major Mineral Produces की जानकारी भारत सरकार से प्राप्त कर BISAG-N ने पोर्टल में अपलोड कर दिया है तथा आई.बी.एम. से जानकारी प्राप्त कर विभाग द्वारा शीघ्र ही अपलोड कर दिया जायेगा।

*(कार्यवाही- खनिज संसाधन विभाग)*

1.7 लोक निर्माण विभाग ने 34 सड़कों (2 Lane) की जानकारी पोर्टल में डाटा अपडेशन हेतु BISAG-N से साझा कर दी है, जो कि सड़क विकास निगम एवं लोक निर्माण विभाग से संबंधित है। मुख्य सचिव महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि विभाग डाटा अपडेशन हेतु कार्ययोजना बनाये। सर्वप्रथम State Highway तत्पश्चात् MDR (Major District Road) एवं ODR (Other District Road) की जानकारी अपलोड करवाई जावे।

*(कार्यवाही- लोक निर्माण विभाग)*

1.8 वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने BISAG-N से 10 औद्योगिक क्षेत्रों की जानकारी साझा कर दी है एवं अन्य औद्योगिक क्षेत्रों का कार्य प्रगति पर है। मुख्य सचिव महोदय द्वारा सुझाव दिया गया कि औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े मूलभूत सुविधाओं की जानकारी एवं उद्योगों हेतु उपलब्ध भूमि के विवरण अपडेशन का कार्य शीघ्र कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये जिसका लाभ निवेशकों को प्राप्त हो सकेगा।

*(कार्यवाही- वाणिज्य एवं उद्योग विभाग)*

1.9 पर्यटन विभाग ने बैठक में अवगत कराया कि 140 पर्यटन क्षेत्रों के GEO-Referencing हेतु सर्वे का कार्य किया जा रहा है। मुख्य सचिव महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि राम वनगमन पथमार्ग के डाटा अपडेशन का कार्य सर्वप्रथम पूर्ण किया जावे।

*(कार्यवाही- पर्यटन विभाग)*

1.10 कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि विभाग ने चिप्स से Soil Type की जानकारी लेकर BISAG-N से साझा कर दी गई है। जिसका Resolution 1 : 50000 का है।

*(कार्यवाही- कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग एवं चिप्स)*

1.11 राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पास वर्तमान में Flood Maps एवं Seismicity की जी.आई.एस. जानकारी उपलब्ध नहीं है। जिसे शीघ्र ही सर्वे किया जाकर अपलोड किये जाने के मुख्य सचिव महोदय द्वारा निर्देश दिये गये।

*(कार्यवाही - राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग)*

1.12 Embankment Data Layer की जानकारी हेतु मुख्य सचिंव महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि अन्य राज्यों के कौन से विभागों ने Embankment की जानकारी संकलित कर BISAG-N से साझा की है। इसका पता करते हुए राज्य में भी संबंधित विभाग को Embankment Data Layer का कार्य दिया जावे।

*(कार्यवाही - समस्त विभाग एवं वाणिज्य एवं उद्योग विभाग)*

<u>एजेंडा क्रं. 2-</u> Anuual Action Plan में EGoS से स्वीकृति।

सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा पीएम गति-शक्ति योजना के फंडिंग हेतु निर्धारित आवश्यक शर्तो में की गई कार्यवाही की जानकारी बैठक में दी गई एवं LEADS Survey 2022 की पूर्ति पश्चात State Logistics Policy को एक माह के भीतर पूर्ण करने की प्रतिबद्धता दर्शायी गई। बैठक में उपस्थित उप सचिव, भारत सरकार, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा प्रधानमंत्री गति-शक्ति योजना के अंतर्गत जारी फंड हेतु निम्नांकित सुझाव दिये गये :-

2.1 प्रधानमंत्री गति-शक्ति डाटा सेंटर का राज्य में निर्माण किया जावे। उक्त संबंध में चिप्स द्वारा जानकारी दी गई कि डाटा सेंटर के निर्माण हेतु पूर्व में प्रस्ताव

प्रेषित किया गया है, जिसके लिए रू. 15 करोड़ फंड की आवश्यकता है। फंड के अभाव में परियोजना पूर्ण न हो सकी। मुख्य सचिव महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि उक्त कार्ययोजना को प्रधानमंत्री गति-शक्ति योजना के अंतर्गत फंड हेतु प्रस्तावित किया जावे। उप सचिव, भारत सरकार, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा भी उक्त प्रस्ताव पर सहमति दी गई।

(कार्यवाही - समस्त विभाग)

2.2 उप सचिव, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा Last Mile Connectivity एवं Inland Container Depot हेतु योजनाओं का प्रस्ताव रखे जाने का सुझाव दिया। उक्त संबंध में मुख्य सचिव महोदय द्वारा Food Corporation of India के Last Mile Connectivity हेतु परियोजना को प्रधानमंत्री गति-शक्ति योजना के अंतर्गत प्रस्तावित किये जाने के निर्देश दिये तथा इस संबंध में संबंधित जिलों के कलेक्टर से चर्चा किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। साथ ही मुख्य सचिव महोदय द्वारा ऐसे औद्योगिक क्षेत्रों जिनमें Last Mile Connectivity नहीं है, को इस परियोजना से जोड़े जाने के सुझाव दिये गये।

(कार्यवाही - समस्त विभाग)

2.3 LEADS 2021 के सर्वे में रायपुर-कोरबा सड़क पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने का उल्लेख था। उक्त संबंध में उप सचिव महोदया द्वारा परियोजना को पीएम गति-शक्ति के अंतर्गत प्रस्तावित करने का सुझाव दिया गया।

(कार्यवाही - परिवहन एवं लोक निर्माण विभाग)

2.4 उप सचिव, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा City Logistics Plan एवं Multi Modal Connectivity को पीएम गति-शक्ति के अंतर्गत प्रस्तावित करने का सुझाव दिया गया।

(कार्यवाही - परिवहन एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग)

बैठक आभार प्रदर्शन के साथ समाप्त हुई।

R-[signature] 5-7-22

(आर शंगीता)
सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
वाणिज्य एवं उद्योग विभाग